आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

उपराष्ट्रपति दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हिमाचल प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आज शिमला पहुंचेंगे। दोपहर करीब एक बजे उपराष्ट्रपति हेलिकाप्टर से शिमला के अनाडेल हेलीपैड पर उतरेंगे जहां से उनका काफिला राजभवन पहुंचेगा। राजभवन में उपराष्ट्रपति के लिए दोपहर भोज का आयोजन किया गया है। शिमला प्रवास पर उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ भी उनके साथ आ रही हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड कल सोलन जिला के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में शोधार्थियों और प्राध्यापकों के साथ संवाद करेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

शशि थरूर

कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय शिष्टमंडल ने कल रात वांशिंगटन में अमरीका के उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस से मुलाकात की। आतंकवाद के खिलाफ संघर्ष से लेकर तकनीकी सहयोग बढाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। इधर भारतीय जनता पार्टी सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने ब्रसेल्स में बेल्जियम चैंबर्स रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य पीटर डी.रोवर से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत में रवि शंकर प्रसाद ने पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ एकजुटता व्यक्त करने के लिए रोवर का आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि बहुभाषी देश के होने के बावजूद भारत में अनेकता में एकता है और यही भारत की विशेषता है। शिमला स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में भारतीय भाषाओं के बीच अनुवाद की समस्याएं संबंधी विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर कल उन्होंने ये विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने कहा कि भाषायी लिपि यदि देवनागरी होती तो सभी भाषाओं को आसानी से समझा जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि ये विषय केवल भाषा के अध्ययन का नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय चेतना का भी जीवंत प्रतीक है। शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि प्राचीन, आध्यात्मिक धरोहरों के मूल्यों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का सबसे प्रमुख माध्यम अनुवाद है। राज्यपाल ने सभी से अपने पौराणिक ग्रंथों को संरक्षित रखने का आह्वान किया।

कृषि अभियान

केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देने व उनकी समस्याओं के समाधान को लेकर विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। आकांक्षी जिला चम्बा में अभियान के तहत जिले के 13 हजार 500 किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य दिया गया है। कृषि विज्ञानं केंद्र सरु के वैज्ञानिक डॉ केहर सिंह ठाकुर ने बताया कि अभियान के तहत रोजाना करीब 9

सौ किसानों से सीधा संवाद कर उन्हें केन्द्र व राज्य सरकार की कृषि संबंधी योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

मॉकड्रिल

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से आज राज्यव्यापी भूकंप मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है। निदेशक व विशेष सचिव राजस्व और आपदा प्रबंधन डीसी राणा ने कहा कि मॉकड्रिल के लिए प्रदेश के सभी 12 जिलों में उपमंडल स्तर तक भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदा को लेकर परिदृश्य बनाया जाएगा और सभी इस अभ्यास में सक्रिय तौर पर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यह मैगा मॉक अभ्यास प्रदेश में आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला और दिव्य हिमाचल की एक जैसी सुर्खी है छह लाख स्कूलों बच्चों को पानी के लिए स्टील की बोतलें देगी सरकार।

मुख्यमंत्री के हवाले से पंजाब केसरी लिखता है सरकार ने नहीं थोपा अस्पतालों में पर्ची पर 10 रूपए शुल्क लेने का निर्णय।

दैनिक भास्कर की एक खबर है विमल नेगी मौत मामले पर हाईकोर्ट ने कहा–जारी रहेगी सीबीआई जांच। दैनिक जागरण के अनुसार सीबीआई ही करेगी विमल नेगी मौत मामले की जांच।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है हिमाचल प्रदेश में आज से एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने की संभावना। आपका फैसला के शब्द हैं जून माह के पांच दिनों में सामान्य से 98 फीसदी अधिक बरसे बादल।